महत्वपूर्ण एवं खास

पांडुका पुलिस की कार्रवाई, चार लोगों को किया गिरफ्तार

गरियाबंद (आरएनएस)। लॅक डाउन होने के बाद प्रदेश में शराब की दुकानें बंद होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में एक तरह से अवैध रूप से कच्ची महुआ की शराब बनाने की होड़ मची है । जिसके शाम होते ही कमार भुजिया की बस्तियों में मोटरसाइकिल से तीन तीन लोग की सावारी शराब पीते पीने जाने आसानी से देखा जा सकता है । इसी कड़ी में पाण्डुका पुलिस द्वारा 9 अप्रैल को चार लोगों को महुआ की शराब सप्लाई करते रंगे हाथों पकड़ा गया । जिसमें गोबरा नवापारा के दीनू राम साहू पिता पूरन लाल साहू . देव लाल यादव पिता बल्लू लाल यादव पारा गांव गोबरा नवापारा ग्राम जैजरा निवासी उमेश ध्रुव पिता भरत लाल ध्रुव एवं पवन राम पिता कुशाल राम को मोटरसाइकिल में शराब सप्लाई करते गिरफ्तार किया गया है ।जिनके पास से प्लास्टिक बोरी में 5 पॉलिथीन के साथ 12 नाग पॉलिथीन मे भरे हुए 12 लीटर महुआ की शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । लाक डाउन की अवहेलना एवं जिला दंडाधिकारी के आदेश की अवहेलना 186. 34 तथा आबकारी एक्ट 34, /2अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल कर दिया गया इस कार्रवाई में थाना प्रभारी इस कार्यवाही में संतोष भूआर्य नकुल सिदार यदु राज ठाकुर दीप प्रधान. मनीष वर्मा जीतेन्द्र कुमार प्रीत राम साहू किशन पटेल पोखराज कँवर. राम दुलार मनहर. हरी राम साहू रेखराज साहू थाना स्टाफके सराहनीय भूमिका रही ।

मृतिका महिला का कोरोना टेस्ट रिपोर्ट आया निगेटिव

जगदलपुर (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ. अय्याज तम्बोली ने आज जगदलपुर शहर के वल्लभ भाई वार्ड में एक महिला की मृत्यु को कोरोना संदिग्ध के रूप में कहा जा रहा था उसके संदर्भ में स्पष्ट किया है कि महिला को साँस नहीं लेने की तकलीफ़ के कारण रात 3 बजे अस्पताल लाया गया था जिसकी मृत्यु सुबह हुई। वर्तमान परिस्थिति को देखकर मृतिका का सैम्पल लिया गया था जिनका कोरोना टेस्ट रिपोर्ट निगेटीव आया है । बताया जाता है कि मृतिका का पुत्र अजमेर से वापस आया था प्रशासन द्वारा उसका भी कोरोना टेस्ट भी करवाया गया था जिसका रिपोर्ट निगेटीव था। प्रशासन द्वारा महिला के निवास क्षेत्र को एहतियात के तौर पर सुबह सील किया गया था।

भाजपा ने जारी किया मेडिकल हेल्प नंबर

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी मीडिया विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कोरोना संकट के चलते लॉक डाउन के कठिन समय में आमजनों की परेशानियों को देखते हुए सहज मेडिकल सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेडिकल हेल्प लाईन नंबर जारी किया गया है। मेडिकल सहायता प्राप्त करने जरूरी दवाईयां मंगवाने जनमानस भाजपा मेडिकल हेल्प डेस्क के जे.पी. शर्मा 9827179930 अमित चिमनानी 9826164278 उत्कर्ष त्रिवेदी 8461030001 अनुराग अग्रवाल 9826108005 से इन नंबरों पर संपर्क कर सहयोग प्राप्त कर सकते है। मीडिया विभाग के अनुसार लॉक डाउन में भाजपा द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर से महिलाओं, बुजुर्गों सहित बड़े जनमानस को सुविधा होगी।

प्रदेश में कुछ स्थानों पर हुई हल्की वर्षा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से कहीं-कहीं पर हल्की बारिश होने का सिललिस जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी नारायणपुर, जगदलपुर, भोपालपट्नम, बकावण्ड सहित कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हुई। वहीं अगले 24 घंटे के दौरान भी प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।

प्रदेश के 3.93 लाख किसानों को 533 करोड़ रूपए फसल बीमा दावा भुगतान

» सिंचाई परियोजना में सृजित होंगे 26.86 लाख मानव कार्य दिवस » लॉकडाउन के दौरान 19.87 लाख किसानों को 397.47 करोड़ रूपए भुगतान का प्रस्ताव

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत खरीफ वर्ष 2019 में 3 लाख 93 हजार 763 किसानों को 533 करोड़ 9 लाख रूपए फसल बीमा का दावा भुगतान की राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त दावा की राशि लगभग 101 करोड़ रूपए किसानों को भुगतान करने की कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफवर्ष 2019 में 15 लाख 52 हजार किसानों का कुल 8,142.18 करोड़ रूपए का

बीमा किया गया है। जिसके लिए 1139.75 करोड़ रूपए प्रीमियम राशि का भुगतान बीमा कम्पनी को किया गया है। जिसमें किसानों का अंशदान 162.84 करोड़ भी शामिल है। राज्य में मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2019 में 11 हजार 475 किसानों द्वारा उद्यानिकी फसल का बीमा कराया गया था। जिसमें से 7 हजार 668 किसानों को 12 करोड़ 38 लाख रूपए का दावा भुगतान किया जा चुका है एवं 2 हजार 593 किसानों को फसल बीमा दावा की राशि एक करोड़ 85 लाख रूपए की भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वाटरशेड संबंधित कार्यों में लगभग 24 लाख 86 हजार मानव दिवस एवं लघुत्तम सिंचाई तालाब एवं चेकडेम निर्माण में 2 लाख मानव कार्य दिवस सृजित किए जाएंगे।

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन के बाद 19 लाख 87 हजार किसानों को 397.47 करोड़ रूपए प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत भुगतान के लिए भारत सरकार को आनलाईन प्रस्ताव भेजा गया है। भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के तहत भुगतान की कार्यवाही किस्तों में की जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव शामिल हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में

» कोविड-19 से निपटने छत्तीसगढ़ की व्यवस्थाओं की दी जानकारी

रायपुर (आरएनएस)। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव आज केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुए। डॉ. हर्ष वर्धन सभी प्रदेशों में कोविड-19 के नियंत्रण एवं रोकथाम की व्यवस्था की जानकारी ले रहे थे। सिंहदेव ने उन्हें इस संबंध में प्रदेश में की गई व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भारत सरकार से पर्याप्त संसाधन और सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में डॉ. हर्ष वर्धन को बताया कि छत्तीसगढ़ द्वारा भारत सरकार से मांगी गई सामग्री की तुलना में बहुत कम समानों की आपूर्ति हुई है। उन्होंने प्रदेश की जरूरत के मुताबिक पीपीई, मास्क एवं अन्य संसाधन जल्द से जल्द मुहैया कराने का अनुरोध किया। उन्होंने एम्स रायपुर में कोरोना वायरस जांच की क्षमता बढ़ाने ऑटोमेटेड डीएनए-आरएनए एक्सट्रैक्शन सिस्टम सहित अन्य आवश्यक मशीनें उपलब्ध कराने कहा। इससे वहां जांच की क्षमता दुगुनी हो जाएगी। उन्होंने रायपुर मेडिकल कॉलेज के साथ ही अंबिकापुर और रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में भी इसकी जांच की अनुमति प्रदान करने कहा।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ और झारखंड में कोरोना वायरस टेस्ट के लिए नए लैबों की अनुमति एम्स रायपुर द्वारा दी जाएगी।

ट्रेनों के शुरू होने की खबरों का रेलवे ने किया खंडन

» अफवाह खबरों से बचने की सलाह दी

रायपुर (आरएनएस)। ट्रेनों के शुरु होने को लेकर मीडिया में आ रही खबरों का रायपुर रेल मंडल ने खंडन किया है। साथ ही मंडल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को ऐसी खबरों से बचने की सलाह दी है।

रेल मंडल रायपुर कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बीते दो दिनों में ट्रेनों के संभावित यात्रियों से संबंधित विभिन्न प्रोटोकॉल आदि के बार में मीडिया में कुछ रिपोर्ट आई हैं। इनमें एक निश्चित तारीख से शुरू होने जा रही ट्रेनों की संख्या का भी उल्लेख किया है।

मीडिया के संज्ञान में लाया जाता है कि उक्त मामलों में अंतिम फैसला लिया जाना अभी बाकी है और ऐसे मामलों में अपरिपक्व या समय से पहले सूचनाएं देने से जनता के बीच

ऐसे मुश्किल हालात में अनावश्यक अटकलबाजियां शुरू होती हैं। ऐसे में विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया जाता है और सलाह दी जाती है कि मीडिया अपुष्ट या असत्यापित मामलों के आधार पर समाचारों के प्रकाशन से बच सकता है, जिससे ऐसी अकटलबाजी होती हैं। रेल यात्रा पर लॉकडाउन के बाद की परिस्थितियों पर रेलवे द्वारा अपने संभावित यात्रियों सहित सभी पक्षधारकों के हित में व्यावहारिक फैसले लिए जाएंगे। कोई फैसला होने पर इस बारे में सभी उचित माध्यम से सूचना दी जाएगी।

मंत्री भेंड़िया ने राजधानी में वृद्धाश्रम, बहुविकलांग गृह और राहत शिविर का किया निरीक्षण

» जरूरतमंद और बेसहारा लोगों का जाना हाल-चाल

रायपुर (आरएनएस)। महिला बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया बुजुर्गों, दिव्यांगजन सहित समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों तक राहत और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का लगातार निरीक्षण कर रही हैं। इसी क्रम में बालोद और दुर्ग जिले के बाद आज श्रीमती भेंड़िया राजधानी के माना कैम्प स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय वृद्धाश्रम, बहदिव्यांग गृह, पुनर्वास केन्द्र,

महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित बालाश्रम और लॉकडाउन में फंसे लोगों के लिए बनाए गए लाभाण्डी स्थित राहत कैम्प का जायजा लेने पहुंची। श्रीमती भेंड़िया ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का हाल-चाल पूछा और उनके स्वास्थ्य, खान-पान और दिनचर्या की जानकारी ली। उन्होंने बुजुर्गों के कोरोना संक्रमण से अधिक प्रभावित होने के जोखिम को देखते हुए अधिकारियों को बुजुर्गों के स्वास्थ्य और संक्रमण से सुरक्षा के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने के दिये निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि इस आश्रम में राज्य के 26 बुजुर्ग निवास कर रहे हैं। श्रीमती भेंड़िया से बुजुर्गों ने वृद्धाश्रम की व्यवस्था के बारे में संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यहां खाने और रहने की अच्छी व्यवस्था है। यहां उन्हें कोरोना वायरस के संक्रमण और उससे बचाव के लिए आवश्यक सावधानी रखने कहा गया है। सभी बुजुर्गों को मास्क दिए गए है और लगातार हाथ धोने के लिए कहा गया है। आश्रम में समय-समय पर कीटनाशक का स्प्रे भी किया जाता है। श्रीमती भेंड़िया ने बुजुर्गों को कोरोना संक्रमण से भयभीत न होने की सलाह देते हुए आवश्यक सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सर्दी-खांसी या बुखार की शिकायत होने पर अधिकारियों को तुरंत सूचित करें।

प्रभारी मंत्री लखमा ने औचक निरीक्षण कर किसान बाजार में चल रहे सेनिटाइजेशन का लिया जायजा

» दानदाताओं से मिल रहे सहयोग को सराहा

» कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सबको एहतियात बरतने दी समझाइश

धमतरी (आरएनएस)। आज प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग, वाणिज्यिक कर (आबकारी) मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा धमतरी जिले के औचक भ्रमण पर पहुंच कोरोना संक्रमण से बचाव, उपाय, सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्था का मुआयना किया। धमतरी शहर आकर उन्होंने सबसे पहले पूराने कृषि मंडी का मुआयना किया। यहां संचालित किसान बाजार और अस्थाई रूप से लगाई जा रही गोल बाजार की सब्जी मार्केट में नगरनिगम द्वारा संक्रमण से बचाव के लिए सोडियम क्लोराइड का अग्निशमन वाहन से छिड़काव किया जा

रहा था। ज्ञात हो कि यहां सुबह 07 से दोपहर 12 बजे तक सब्जी बाजार लगती है। मौके पर कलेक्टर रजत बंसल ने बताया कि विश्वव्यापी महामारी कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए यहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को इसकी सतत समझाइश भी वॉलंटियर्स द्वारा दी जाती है। इस मौके पर नगरनिगम आयुक्त, आशीष टिकरिहा ने बताया कि निगम सहित अन्य नगरीय निकायों में भी समय-समय पर सेनिटाईजेशन किया जा रहा है। जिले में गरीब जरूरतमंदों के लिए निशुल्क राशन सामग्री, सब्जियां भी वितरित की जा रही है। गौरतलब है कि धमतरी जिले में दानदाता बढ़चढ कर जरुरतमंद परिवार को सहयोग करने आगे आ रहे हैं।

कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन की अपील पर दानदाताओं द्वारा सीधे लोगों को राशन सामग्री उपलब्ध कराने की बजाए यहां विंध्यवासिनी मंदिर के पास स्थित सामुदायिक भवन में बने राहत केन्द्र में सूखा राशन, सब्जी इत्यादि उपलब्ध करा रहे हैं। अब तक लगभग साढ़े 25 लाख रुपए की राशन और सब्जियां 138 दानदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इसमें 126 दानदाताओं ने 23 लाख 49 हजार की सूखा राशन सामग्री और 12 दानदाताओं ने एक लाख 80 हजार रूपए की हरी सब्जियां प्रदाय कर प्रशासन को अपना सहयोग दिया है।

इसके मद्देनजर आज प्रभारी मंत्री लखमा स्वयं सामुदायिक भवन पूरी व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। यहां मौजूद राहत केन्द्र प्रभारी जे.एल.ध्रुव ने प्रभारी मंत्री और उपस्थित जनप्रतिनिधियों को बताया कि एक किट में आटा, दाल, तेल, सोयाबीन की बड़ी, नमक, शक्कर, चायपत्ती, चना, आलू, प्याज, पोहा, हल्दी, धनिया, मसाला पैकेट के अलावा कपड़े धोने, हाथ धोने और नहाने का साबुन सम्मिलित है, जो कि जरूरतमंद परिवार को दिया जा रहा है।

नापतौल में गड़बड़ी और अधिक कीमत पर सामान बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

रायपुर (आरएनएस)। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने आज नापतौल विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर नापतौल में गड़बड़ी करने वाले और निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर सामान बेचने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। भगत ने दुकानों के सामने में आवश्यक वस्तुओं की मूल्य सूची प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के पेट्रोल पम्पों, उचित मूल्य की दुकानों सहित अन्य सभी दुकानों में सामग्रियों की वजन और कीमत की जांच के लिए प्रदेश भर में सघन अभियान चलाया जाए। लॉकडाउन के दौरान देश की जनता को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

भगत ने कहा कि प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथामके लिए लॉकडाउन के दौरान प्रदेशवासियों को सही कीमत पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री जरूरत के मुताबिक मिले, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भगत ने कहा कि राज्य की उचित मूल्य की दुकानों सहित अन्य दुकानों में नापतौल की गड़बड़ी एवं ज्यादा मूल्य पर सामान बेचने की शिकायतें मिली है।

27 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, 6 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। लॉक डाउन के। दौरान मदिरा दुकान बंद होने पर हाथ भट्टी से कच्ची शराब बना कर बेचने वाले सक्रिय हो गए है। जिला पुलिस बल ने अलग अलग क्षेत्र से 6 लोगो को गिरफ्तार कर 27 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है।

चकरभाठा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की शराब दुकान बंद होने के कारण थाना क्षेत्र के ग्राम नगाराडीह में महुआ शराब बनाने वाले सक्रिय हो गए है। सुबह शराब की सप्लाई शहर के आसपास की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने टीम बनाकर एनीकट रोड बिजली टावर के पास नाकाबंदी की। जांच के दौरान किशुन बंजारे के पास से 3 लीटर, दुर्गा प्रसाद रात्रे से कोका कोला के बॉटल में 2 लीटर, नीलेश कुमार के पास से 3 लीटर एवं पोड़ी निवासी वीर सिंह जगत के पास से 10 लीटर कच्ची शराब जब्त की गयी। पूछताछ में आरोपियो ने उक्त शराब बेचने के लिए ले जाने की जानकारी दी। इसी प्रकार सिरगिट्टी पुलिस ने गणेश नगर चुचुहियापारा निवासी आशीष कश्यप के पास से 6 लीटर कच्ची शराब जब्त किया। आरोपी पन्नी में शराब पैक कर बेचने के लिए रखी थी। इसी प्रकार रतनपुर पुलिस ने सिघारी निवासी दुर्गेश सूर्यवंशी के पास से 3,5 लीटर शराब जब्त कर गिरफ्तार की है।

दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

पांडुका (आरएनएस)। पांडुका थाना क्षेत्र के अंतर्गत नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी राकेश टंडन नाबालिग लड़की को शादी करने का झांसा देकर महिला फुसलाकर 3 अप्रैल को अपहरण कर ले गया था। पुलिस अधीक्षक बीआर पटेल द्वारा अपराध की गंभीरता को देखते हुए तत्काल नाबालिग लड़की को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया था । पांडुका पुलिस आरोपी के पता तलाश में जुट गई थी । 8 अप्रैल को पीड़िता को आरोपी के कब्जे से बरामद करते हुए आरोपी राकेश चंदन को धारा 363, 366, 376 आईपीसी और 6पाक्सो एक्ट के तहत उप जेल गरियाबंद भेज दिया गया ।कार्यवाही में निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य, एएसआई नकुल सिदार, प्रधान आरक्षक मनीष वर्मा सहित स्टाफ की भूमिका रही।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शुक्ल एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कल कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

बैंकों कंपनियों के पास जमा अनक्लेम्ड डिपाजिट राशि को कोरोना से लड़ने उपयोग में लाये जाने की मांग

» अजीत जोगी ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रमुख अजीत जोगी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः पत्र लिखा है। पत्र के जरिए श्री जोगी ने श्री मोदी से बैंकों और इन्शुरन्स कंपनियों के पास जमा अनक्लेम्ड डिपाजिट राशि को कोरोना वायरस से लड़ने हेतु उपयोग में लाने की मांग की है।

जोगी ने अपने पत्र में कहा है कि इस समय पूरा विश्व कोरोना वायरस की महामारी से ग्रसित है। भारत में भी कोरोना वायरस के मामले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। आपने स्वयं ही लम्बी लड़ाई की बात कह कर विषय की गंभीरता को दर्शा दिया है। स्वास्थ्य के साथ साथ इस समय देश के सामने एक और बड़ी चुनौती अर्थव्यवस्था की भी है। कोरोना वायरस से लड़ने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को बहुत बड़ी आर्थिक राशि की जरुरत है। केंद्र सरकार ने सांसद निधि पर आगामी 2 वर्षो के लिए रोक लगा कर और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों तथा सांसदों के वेतन में कटौती करते हुए कोरोना वायरस से लड़ने के लिए राशि जुटाने का सकारात्मक कदम उठाया है। केंद्र सरकार का अनुसरण कुछ

राज्य सरकारों ने भी किया है। इस पत्र के माध्यम से मैं आपका ध्यान एक गंभीर विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ जिस पर नीतिगत निर्णय लेते हुए अमल में लाये जाने पर देश को कोरोना से लड़ने के लिए एक बड़ी राशि मिल सकती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत के विभिन्न बैंकों और इन्शुरन्स कंपनियों में 32,000 करोड़ रूपए से भी ज्यादा की राशि अनक्लेम्ड डिपाजिट के रूप में जमा है। जैसा कि आप जानते हैं, अनक्लेम्ड डिपाजिट उस रकम को कहा जाता है जिसपर पिछले 10 वर्षों में किसी ने भी दावा नहीं किया हो। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा जुलाई 2019 में लोकसभा को दिए गए लिखित जवाब के अनुसार वर्ष 2018 तक देश की बैंकों में 14,578 करोड़ रूपए अनक्लेम्ड डिपाजिट के रूप में जमा है। इसमें स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में 2,156 करोड़ रूपए जमा है। वहीँ इन्शुरन्स कंपनियों में 17,887 करोड़ रूपए अनक्लेम्ड डिपाजिट हैं जिसमें देश की सबसे बड़ी इन्शुरन्स कंपनी लाइफ इन्शुरन्स कारपोरेशन का अकेले 12,892 करोड़ रूपए अनक्लेम्ड डिपाजिट के रूप में जमा है। इस प्रकार वर्ष 2018 तक देश की बैंकों और इन्शुरन्स कंपनियों में 32,465 करोड़ रूपए अनक्लेम्ड डिपाजिट के रूप में जमा है। वर्ष 2019 की गणना करने पर यह राशि और बढ़ जायेगी।